दिन– शुक्रवार | दिनांक– 06 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों के साथ अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के दौरान छात्रों से बातचीत की। एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्रों को संबोधित किया। श्री मोदी ने छात्रों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी दो व्यक्ति एक ही तरह से नहीं सोचते या सीखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र की अपनी एक अलग शैली होती है, और उन्हें अपनी तैयारी के तरीके पर पूरा विश्वास रखना महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने छात्रों से शिक्षकों, अभिभावकों और मार्गदर्शकों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान से सुनने और उन्हें गहराई से समझने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दूसरों की नकल करने की जगह, उन्हें मिलने वाली किसी भी सलाह में अपने अनुभव को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने कहा कि सच्चा आत्मविश्वास तब आता है जब छात्र मार्गदर्शन को आत्म–विश्वास के साथ जोड़ते हैं।

———————————————————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा विभिन्न आयु वर्ग के करोड़ों छात्रों को प्रेरित करती है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उन्हें अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है और इससे छात्रों को सर्वांगीण विकास की ओर मार्गदर्शन मिलता है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अन्नपूर्णा देवी, गिरिराज सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत और जयंत चौधरी सहित अन्य मंत्रियों ने श्परीक्षा पे चर्चाश के नौवें संस्करण को सुना।

———————————————————————

बिहार विधानसभा में आज प्रश्नोत्तर काल की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। भाजपा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के एक पूरक के उत्तर में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकारी कर्मियों को कैशलेश इलाज की सुविधा मिलेगी। इससे राज्य के दस लाख कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि इसके दायरे में विधायक, विधान पार्षद भी आयेंगे। एक अन्य सवाल के जवाब में

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब पब्लिक प्राईवेट पार्टनशिप मोड में मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि इसे लेकर जल्द ही नई नीति लाई जाएगी।

———————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक—आर.बी.आई. ने रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। इसे मौजूदा पांच दशमलव दो—पांच प्रतिशत पर बनाये रखने का निर्णय लिया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए छठी और अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया है। इसके परिणाम स्वरूप अन्य दरों में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार विधानसभा चुनाव रद्द करने की मांग वाली जनसुराज पार्टी की याचिका को खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि जनसुराज को पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि जनता ने आपको नकार दिया है, जिसके बाद आप न्यायालय का इस्तेमाल लोकप्रियता हासिल करने में कर रहे हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नेत्रहीन महिला टी—ट्वेंटी विश्वकप की विजेता भारतीय खिलाड़ी अनु कुमारी को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें तेईस लाख तैंतालीस हजार सात सौ पचास रुपये का चेक और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बिहार की एक साधारण घर की बेटी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है।

———————————————————————

प्रदेशभर के न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है, जिससे सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष

परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद एक बार फिर एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।